बिहार विधान परिषद्

समापन भाषण

माननीय नेता, सत्तारूढ़ दल

माननीय उप नेताद्वय, सत्तारूढ़ दल

माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल

मंत्रीपरिषद् के माननीय सदस्यगण

विभिन्न दलों के माननीय नेतागण

बिहार विधान परिषद् के माननीय सदस्यगण

बिहार विधान परिषद् के 200वें सत्र का आज समापन हो रहा है। इस सत्र में कुल 22 बैठकें आयोजित हुईं।

इस सत्र के लिए कुल 1030 प्रश्नों की सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनमें से 922 प्रश्नों को स्वीकृत किया गया। कुल 434 प्रश्न उत्तरित हुए। वर्तमान सत्र के लंबित प्रश्नों को आगामी सत्र में सदन की मेज पर रखने हेतु सरकार से अनुशंसा करता हूं।

इस सत्र के लिए ध्यानाकर्षण की कुल 158 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 106 ध्यानाकर्षण सूचनाएं सदन के कार्यक्रम पर लाए जाने के लिए स्वीकृत हुईं। 97 सूचनाएं उत्तरित हुईं, शेष 3 सूचनाएं व्यपगत हुईं।

शून्यकाल की कुल 151 सूचनाएं प्राप्त हुईं जिनमें 128 सूचनाओं के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया एवं 15 सूचनाएं अस्वीकृत की गईं। 8 सूचनाएं व्यपगत हुईं।

निवेदन की कुल 112 सूचनाएं प्राप्त हुईं। 111 सूचनाएं स्वीकृत हुईं। 01 सूचना अस्वीकृत हुई। सभी स्वीकृत 111 निवेदनों को सदन की सहमति से निवेदन समिति को सुपुर्द किया गया।

इस सत्र में नेशनल ई-विधान (नेवा) के माध्यम से माननीय सदस्यों द्वारा 855 तारांकित प्रश्न एवं 234 अल्पसूचित प्रश्न दिए गए तथा इसके माध्यम से कुल 600 तारांकित एवं 179 अल्पसूचित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त हुए। इसी तरह, नेवा के माध्यम से 163 ध्यानाकर्षण सूचनाएं प्राप्त हुईं जबकि 63 ध्यानाकर्षण सूचनाओं के उत्तर प्राप्त हुए।

इस सत्र के दौरान माननीय सदस्यों ने अपने संसदीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनसामान्य की समस्याओं के समाधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शायी है। सदन में महत्वपूर्ण

विषयों पर वाद-विवाद में सहभागिता के लिए सदन के सभी माननीय सदस्यों को मैं हार्दिक बधाई देता हूं।

वर्तमान सत्र में निम्नलिखित विधेयक पारित किए गए --

(1) बिहार विनियोग विधेयक, 2022
(2) बिहार कराधान विधि (समय-सीमा प्रावधानों का शिथिलीकरण) विधेयक, 2022
(3) बिहार शहरी आयोजना तथा विकास (संशोधन) विधेयक, 2022
(4) बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग (संशोधन) विधेयक, 2022
(5) बिहार कृषि विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2022
(6) बिहार ईख (आपूर्त्ति एवं खरीद का विनियमन) (संशोधन) विधेयक, 2022
(7) बिहार विनियोग (संख्या-2) विधेयक, 2022
(8) बिहार पुलिस (संशोधन) विधेयक, 2022
(9) बिहार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2022
(10) बिहार नगरपालिका (संशोधन) विधेयक, 2022
(11) बिहार मद्यनिषेध और उत्पाद (संशोधन) विधेयक, 2022

इस उच्च सदन में आप सबके सहयोग से गरिमा के अनुरूप राजकीय कार्यों के निष्पादन के साथ-साथ जनहित के मुद्दों पर सार्थक बहस हुई है। सदन के सभी सदस्यों को इसके लिए मैं हृदय से धन्यवाद देता हूं।

मैं माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रीद्वय, माननीय मंत्रीगण, माननीय उप नेतागण, सत्तारूढ़ दल तथा माननीय मुख्य सचेतक, सत्तारूढ़ दल का आभारी हूं कि आप सबने सत्र के दौरान संसदीय दायित्वों के प्रति गहरी निष्ठा का परिचय दिया। मैं प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार एवं छायाकार बंधुओं के प्रति भी आभार व्यक्त करता हूं जिन्होंने सदन की कार्यवाही को अपनी रिपोर्टिंग के जरिए प्रकाशित और प्रसारित करते हुए जनसाधारण के प्रति हमारे दायित्वों एवं सरोकारों को रखा है।

अंत में, मैं बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सचिव एवं परिषद् सचिवालय के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी धन्यवाद देता हूं जिनके सहयोग से इस सत्र के दौरान मैं संसदीय कार्यों का सफलतापूर्वक संचालन कर सका हूं।

अवधेश नारायण सिंह

31 मार्च, 2022

कार्यकारी सभापति